St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

Hindi Grammar (2nd Term) **(Answer Worksheet –18)** **Date: 09.11.2020**
Topic: अनुच्छेद लेखन **Class -4**

'दिवाली ' विषय पर एक अनुच्छेद लिखो |

संकेत बिंदु -

- हिन्दुओं का प्रमुख त्यौहार
- दिवाली कब और क्यों मनाई जाती है ?
- दिवाली की तैयारियाँ
- कितने दिनों का उत्सव ?
- सन्देश

भारत त्योहारों का देश है | यहाँ बहुत से बहुत त्यौहार मनाये जाते है जैसे - दशहरा , दुर्गा -पूजा , रक्षाबंधन , होली आदि | दिवाली हिन्दुओं का प्रमुख त्यौहार है | सब लोग इस त्यौहार को धूमधाम से मनाते है |

यह त्यौहार कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाता है | कहते है भगवन राम 14 वर्ष को बनवास के बाद अयोध्या लौटे थे , इसी ख़ुशी में अयोध्यावासियों ने दीपक जलाकर उनका स्वागत किया था |

दिवाली के आने के कई दिन पहले से ही घरों की लिपाई - पुताई , सजावट आरम्भ हो जाती है | बाजार में रंगीन बल्बों , खिलौना ,मिठाइयों की दुकाने सज जाती है |

यह त्यौहार पांच दिनों तक मनाया जाता है | यह धनतेरस से भाई - दूज तक चलता है | धनतेरस के दिन नए बहीखाते बनते है | लोग गहने और बर्तन भी खरीदते है | दिवाली के दिन गणेश - लक्ष्मी की पूजा होती है | बच्चे पूजा के बाद पटाखे जलाते है | पटाखे सावधानी के साथ जलाने चाहिए | दिवाली का त्यौहार है अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का सन्देश देती है | हमें बुराई से बचना चाहिए | हमें बड़े जोश और उत्साह से दिवाली मनाना चाहिए |

Poonam Mehra